तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023

4
प्लेसमेंट कर्मचारियों को मिलेगा बढ़ा वेतन, एमआईसी में निर्णय

खबर संक्षेप

उत्कर्ष योजना अंतर्गत प्रवेश परीक्षा 10 मार्च को

रायगढ़। पं.जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा जिला स्तर पर 10 मार्च 2024 को दिन रविवार समय दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केन्द्र की सूचना पृथक से दी जाएगी। विद्यार्थी द्वारा आवेदन पत्र शाला में जमा करने की अंतिम तिथि 25 जनवरी 2024 निर्धारित की गई है। शाला प्रमुख द्वारा विद्यार्थी के आवेदन का परीक्षण एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को अग्रेषण 31 जनवरी 2024 तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा समस्त आवेदनों की सूची तैयार कर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में जमा करने हेतु 7 फरवरी 2024 निर्धारित की गई है। राज्य अंतर्गत छात्र-छात्रा रायगढ़ जिले का मूल निवासी हो सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर से जारी निवास प्रमाण पत्र के आधार पर उसी जिले में आवेदन करने की पात्रता होगी। मूल निवास जिले से भिन्न जिले में किए गए आवेदन स्वीकार्य योग्य नहीं होगा। विद्यार्थी छग राज्य में मान्य अनु.जाति अनु. जनजाति वर्ग का हो, इस हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक हो। विद्यार्थी छग में संचालित किसी मान्यता प्राप्त संस्था में कक्षा 5 वीं में नियमित रूप से अध्ययनरत हो। कक्षा चौथी की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त करने वाले विद्यार्थी चयन परीक्षा में शामिल होने के पात्र होंगे। पिताध्पालक की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख रुपए से अधिक न हो। आय प्रमाण.पत्र एवं निर्धारित प्रपत्र में पालक का स्वघोषणा पत्र होना चाहिए।

हर दिन 100 से 150 तक हो रही जांच, संदेहियों पर रखी जा रही नजर

फिर लौटा कोरोना: केजीएच के कर्मचारी सहित दो पॉजिटिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोरोना के नए वेरिएंट जेएन.1 के प्रभाव जिले में भी देखने को मिल रहा है। जिला अस्पताल के एक कर्मचारियों सहित दो अन्य लोगों के इसकी चपेट में आने की जानकारी मिल रही है। इन्हें होम आईसोलेशन में रखा गया है, हालांकि इनकी तीनों का स्वास्थ्य सामान्य है। इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा संदेही मरीजों पर निगरानी बनाए हुए है। वहीं रोजाना 100 से 150 के करीब लोगों की टेस्टिंग की जा रही है। गौरतलब है कि वर्तमान में कोरोना का एक नया वेरिएंट जेएन.1 लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। हालांकि यह पहले की अपेक्षा अब काफी हद तक कमजोर हो चुका है। ऐसे में चिकित्सकों द्वारा इससे नहीं घबराते हुए संदेह होने पर बिना देरी किए उपचार कराने तथा सावधानियां बरतने की हिदायत दे रहे हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आदेश के तहत ही राज्य सरकार सहित स्वास्थ्य विभाग इस मामले में निगरानी बनाए हुए हैं। अच्छी बात यह है कि यहां इस वेरिएंट के गिने चुने केस देखने को मिल रहे हैं। वहीं इसके प्रकोप से ठीक होने की दर अधिक है। जानकारी के अनुसार शहर के सुभाष चौक, बोइरदादर और केजीएच में तीन मरीजों की पुष्टि हुई है।

हर हो रही जांच

जानकारी के अनुसार शहर में केजीएच और रामभांठा स्थित अस्पताल में कोरोना के लक्षण वाले मरीजों की टेस्टिंग की जा रही है। जानकारी के अनुसार हर दिन करीब 100 लोगों की जांच की जा रही है। जिनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आ रही है, उन्हें होम आईसोलेशन में रखा जा रहा है।

वेरिएंट आफ इंटरेस्ट के रूप में वर्गीकृत

बता दें कि डब्ल्यूएचओ ने इसके तेजी से बढते प्रसार को देखते हुए जेएन.1 को वेरिएंट आफ इंटरेस्ट के रूप में वर्गीकृत किया है। हालांकि इससे कोई अधिक खतरा होने की बात को लेकर भी चिंता नहीं करने की बात कही गई है। यह कम जोखिम वाला संक्रमण है।

ट्रेन की चपेट में आई महिला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जीआरपी थाना क्षेत्र अंतर्गत भूपदेवपुर रेलवे स्टेशन के यार्ड के समीप एक महिला उस वक्त मालगाड़ी की चपेट में आ गई, जब वह मालगाड़ी के नीचे से रेलवे ट्रैक पार कर रही थी। बताया जा रहा है कि यह दुर्घटना बुधवार की शाम करीब 7 बजे घटित हुई। ऐसे में जीआरपी की कार्रवाई देर रात तक चलती रही।

इस दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची और मर्ग कायम करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार संतोषी चौहान पति बरातू राम चौहान उम्र 42 वर्ष निवासी बगबुड़ा पूंजीपथरा अपने परिवार के सदस्यों के साथ ग्राम भूपदेवपुर में रहने वाले परिजन के दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। वापसी में वे भूपदेवपुर से जेडी पैसेंजर से आने के लिए रेलवे स्टेशन जा रहे थे। प्लेट फार्म पहुंचने के लिए वे सभी यार्ड के समीप खड़ी एक मालगाड़ी के नीचे होते हुए रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे। संतोषी के परिवार के अन्य सदस्यों ने तो ट्रैक पार कर लिया, लेकिन जब संतोषी ट्रैक पार करने के लिए मालगाड़ी के नीचे गई तब अचानक मालगाड़ी चलने लगी। ऐसे में वह उसकी चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई। इधर इस बारे में जब जीआरपी को सूचना मिली तो जीआरपी मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए केजीएच लाई। पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया।

दीवार ढहने से युवक की मौत

रायगढ़। कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित उर्दना निवासी युवक अपने घर में एक दीवार को तोड़ रहा था, इसी बीच दीवार उस पर ढह गई। जिसमें दब जाने से उसके सिर में गंभीर चोंट आई। इससे पहले पहले कि वह अस्पताल पहुंच पाता रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जगदीश उरांव पिता शुकलाल उरांव उम्र 37 वर्ष निवासी उर्दना पुराने घर को तोड़ रहा था, चूंकि यहां नया घर बनाया जाना था। बीते करीब दो दिनों से वह अपने पुराने मकान की एक दीवार को तोड़ रहा था, गुरूवार की सुबह करीब 8.30 बजे जब वह इस दीवार को तोड़ने की कोशिश कर रहा था। तभी यह दीवार उस पर ढह गई।

एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वर्ष 2018 में व्यापमं द्वारा पुलिस उपनिरीक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई थी, जिसमें अब तक भर्ती नहीं हो सकी है। भी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद भी इसके परिणाम जारी नहीं किए गए हैं। अभ्यर्थियों द्वारा व्यापमं सहित पुलिस मुख्यालय पर भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता व गड़बड़ी करने आरोप लगाते हुए इस भर्ती को निरस्त कर नए सिरे भर्ती के लिए विज्ञापन जारी करने की मांग मुख्यमंत्री से की गई है।

इस संबंध में पुलिस उपनिरीक्षक की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों ने बताया कि व्यापम द्वारा आयोजित सब इंस्पेक्टर भर्ती मुख्य लिखित परीक्षा 26, 27 एवं 29 मई 2023 को आयोजित किया गया, लेकिन इसका ना तो स्कोर कार्ड जारी किया और ना ही वर्गवार मेरिट सूची जारी की गई। जबकि व्यापम द्वारा परीक्षा निर्देश में परिणाम और मेरिट लिस्ट जारी करने का स्पष्ट उल्लेख किया गया था। इस भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता को दरकिनार करते हुए व्यापम और पुलिस मुख्यालय द्वारा आपस में नियमों को ताक पर रख कर खुलेआम परीक्षा परिणाम से छेड़छाड़ किया गया है, जिसकी वजह से जिससे योग्य अभ्यर्थी भी बाहर हो गये है। मुख्य लिखित परीक्षा के मॉडल उत्तर में जिन अभ्यर्थियों का दूसरे अभ्यर्थियों की तुलना में कम नंबर आ रहा था, उसका चयन हो गया है और अधिक नंबर लाने वाले योग्य अभ्यर्थी बाहर हो गए। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाते हुए बताया कि पुलिस महानिदेशक द्वारा स्वयं व्यापम ऑफिस आकर बलपूर्वक मुख्य लिखित परीक्षा परिणाम को सील बंद लिफाफे में नियम के विपरीत ले जाया गया और परीक्षा परिणाम को अपने हिसाब से मेनूपुलेट किया गया।

नियमों को किया दरकिनार

अभ्यर्थियों ने बताया कि अभी तक हुई प्रारंभिक एवं मुख्य लिखित परीक्षा में उक्त भर्ती नियम का पालन नही किया गया है। प्रारंभिक लिखित परीक्षा में प्लाटून कमांडर पद में जिसमे महिलाओ को पात्रता नही थी, किंतु इसमें 1 हजार 843 महिलाओ की भर्ती की गई। जिसके कारण 1 हजार 843 पुरुष अभ्यर्थी या समान अंक वाले अधिक पुरुष अभ्यर्थी मुख्य लिखित परीक्षा में शामिल नही हो सके। इसी प्रकार विभागीय कर्मचारी एवं पूर्व सर्विसमेन के क्रमशः 5 फीसदी एवं 10 फीसदी नियम का पालन ना कर इन्हे भी मुख्य लिखित परीक्षा मे तथा अब शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल नही किया गया। मुख्य लिखित परीक्षा परिणाम में समान अंक एवं समान रैंक वाले अभ्यर्थियों को शामिल नही करके ऐसे अभ्यर्थियों को भी शारीरिक दक्षता परीक्षा से वंचित किया गया।

उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थी को किया अनुतीर्ण

एक अभ्यर्थी फिजिकल में पासिंग मार्क से भी 6 अंक अधिक प्राप्त कर 96 अंक हासिल किए। उसको फिर से कॉल करके बहला फुसला कर बुलाया गया और उसको दबाव पूर्वक उसका नंबर 84 करके उससे हस्ताक्षर करवा उसे फैल कर बाहर कर दिया गया। जो यह दर्शाता है कि यह सरकार अपनें लोगो का नंबर बढ़ा भी सकते है और योग्य लोगो को बाहर कर सकते है। इस प्रकार सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2018 एवं 2021 में खुलेआम सभी भर्ती नियम से खिलवाड़ कर धांधली गड़बड़ियां एवं भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

हाइकोर्ट में लगी 122 से अधिक याचिका

अभ्यर्थियों ने बताया कि शासन द्वारा भर्ती प्रक्रिया में की गई मनमानी व गड़बड़ी को लेकर उच्च न्यायालय में करीब 122 से अधिक याचिकाएं दायर की गई हैं। इन याचिकाओं की सुनवाई के दौरान भर्ती प्रक्रिया में हुई गड़बड़ी को सही माना है। किंतु इस मामले में कोई न्याय अभ्यर्थियों को नहीं मिल पाया है।

2 हजार पुरूष अभ्यर्थी हुए बाहर

जानकारी के अनुसार प्लाटून कमांडर के 975 के रिक्त पदों के लिए महिला अभ्यर्थी योग्य नहीं है, लेकिन फिर भी महिलाओं का चयन कर लिया गया। जिससे करीब 2 हजार पुरूष अभ्यर्थी प्रारंभिक लिखित परीक्षा ही बाहर हो गए, वहीं मुख्य परीक्षा में लिखने से वंचित हो गए।

खबर संक्षेप

उत्कृष्ट निर्वाचन कार्य के लिए पुरस्कार, आवेदन 2 तक

सारंगढ़। उत्कृष्ट निर्वाचकीय कार्य करने वाले व्यक्ति और संस्था को प्रोत्साहित करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के मंशा अनुरूप द्वारा 01 जनवरी 2023 के पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य में क्रियाशील फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2023 एवं मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण तथा छत्तीसगढ़ में संपादित विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों, संस्थाओं को पुरस्कृत किए जाने का निर्णय लिया है। भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन कार्य में संलग्न ऐसे अधिकारियों कर्मचारियों, संस्थाओं को उनके जिला एवं राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2024 कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा।

भूमि संबंधी विवादों के लिए पृथक दस्ते की मांग : चेंबर

रायगढ़। प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एन्ड इंड्रस्टियल एसोसिएशन रायगढ़ ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मांग की है कि प्रदेश में भूमि विवादों के प्रकरणों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिसमें फंसकर कई सीधे साधे लोग अपने हक भूमि से हाथ धो कर बैठ रहे हैं। ऐसे प्रकरणों के सुनवाई एवं उसमें पुलिस की दखल रहने के उद्देश्य से राजस्व विभाग एवं पुलिस दोनों विभागों के नुमाइंदों की एक पृथक सेल प्रत्येक जिले में गठित की जानी चाहिए जिसमें भूमि संबंधी मामलों की सुनवाई हो और दोषी व्यक्तियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए। प्रदेश चेंबर रायगढ़ अध्यक्ष हीरा मोटवानी एवं महामंत्री राजेश अग्रवाल ने मांग करते हुए कहा कि यदि इस प्रकार की कोई स्पेशल सेल गठित होती है तो अतिक्रमणकारियों एवं गुंडागर्दी करने वालों पर लगाम कसी जा सकती है। चेंबर पदाधिकारी करतार सिंह कालरा, बजरंग अग्रवाल, विनय कुमार अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल क्तुलसीद्व राकेश पटेल, नवीन खजांची, उमाशंकर पटेल, जय अग्रवाल, वेद प्रकाश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, गांधी गंज मनोज बेरीवाल, बजरंग अग्रवाल जूट मिल, प्रदीप श्रृंगी, अशोक जैन, ललित बोंदिया, अनिल गर्ग, आकाश अग्रवाल ने रायगढ़ विधायक एवं केबिनेट मंत्री ओ पी चौधरी से निवेदन किया है कि पूर्व में जब छ ग में बीजेपी की सरकार थी तो इस प्रकार के सेल गठित किया गया था।

मरम्मत का कार्य जारी, वाहनों को बिर्रा पुल से किया परिवर्तित

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी निर्देशन में पुलिस अधीक्षक के प्रस्ताव पर शिवरीनारायण से गिधौरी जाने वाले महानदी पुल में मरम्मत का कार्य चल रहा है। महानदी पुल में भारी वाहनों का आवागमन, यातायात दबाव एवं जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। इसको ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने शिवरीनारायण से गिधौरी जाने वाले मार्ग को परिवर्तित किया है। इस दौरान उन्होंने से संबंधित विभाग को शिवरीनारायण एवं गिधौरी के तरफ के चारपहिया वाहन को बिर्रा पुल के तरफ से परिवर्तन, शिवरीनारायण एवं बलौदा बाजार तरफ आने वाले वाहन को परिवर्तित मार्ग बिर्रा पुल से आवागमन किये जाने के निर्देश दिए है। इसके अलावा मार्ग परिवर्तन की सूचना हेतु फ्लेक्स एवं बोर्ड लगाये जाने, परिवर्तित स्थल पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाये जाने, लाल झण्डा एवं रेडियम जैकेट पहनकर ड्यूटी कराये जाने, पुल पर सुरक्षा रैलिंग, साईन बोर्ड, सुरक्षा सूचक बैनर, एवं पर्याप्त स्टापर रखे जाने सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

बालगृह की स्थापना के लिए प्रस्ताव 2 तक

जांजगीर-चांपा। किशोर न्याय अधिनियम 2015 यथा संशोधित अधिनियम 2021 एवं नियम 2022 के अंतर्गत जिले में बालगृह (बालक) की स्थापना व संचालन के लिए पंजीकृत अशासकीय संस्थायें, स्वैच्छिक संगठन जो बाल कल्याण, बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत हो और देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों अथवा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण के क्षेत्र में अनुभव रखते हो तथा जो वित्तीय रूप से भी सक्षम होना चाहिए ।

मुख्यमंत्री ने किया सौरभ सागर द्वार का लोकार्पण

मुख्यमंत्री साय के प्रथम आगमन पर जगह-जगह किया गया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री बनने पश्चात गुरूवार को प्रथम जशपुर आगमन हुआ। उन्होंने शहर के कॉलेज रोड में बस स्टैंड के समीप नवनिर्मित सौरभ सागर द्वार का लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री साय हेलीपैड से खुली गाड़ी में सवार होकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते लोकार्पण स्थल तक पहुंचे।

जशपुर के माटी पुत्र मुख्यमंत्री श्री साय के मुख्यमंत्री बनने पश्चात जशपुर आगमन पर नगरवासियों ने पुष्प वर्षा से उनका स्वागत किया। नगरवासियों ने बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। इस दौरान ग्राम चड़िया के उरांव समाज के करमा नर्तक दलों द्वारा मांदर की ताल पर सुंदर करमा नृत्य प्रस्तुत कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। दीक्षा उपरांत जैन आचार्य सौरभ के 28 वर्षों पश्चात वर्ष 2012 में जशपुर आगमन के समय उनके द्वारा प्रवेश द्वार की नींव रखी गई थी। जैन धर्म के संत सौरभ सागर के नाम पर निर्मित इस प्रवेश द्वार का लोकार्पण जशपुर के माटी पुत्र मुख्यमंत्री श्री साय के हाथों होने पर नगरवासियों में खुशी की लहर छा गई। इस द्वार का निर्माण राजस्थान के लाल पत्थर से हुआ है। नगरपालिका ने पार्षद मद से 8 लाख रूपये की लागत से सौरभ सागर द्वार का निर्माण कराया है। जैन धर्म के संत सौरभ सागर के नाम पर निर्मित इस प्रवेश द्वार का लोकार्पण जशपुर के मुख्यमंत्री के हाथों होने को लेकर भी शहरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। सौरभ महाराज ने जैन आचार्य बनकर पूरे अंचल को गौरान्वित किया है। उन्होंने जनसेवा को अपने जीवन का ध्येय बनाया है।

श्री सौरभ सागर का जैन मुनि बनने का सफर

आचार्य सौरभ सागर महाराज (सुरेन्द्र जैन) का जन्म जशपुर के प्रतिष्ठित व्यवसायी श्रीपाल के घर 22 अक्टूबर 1970 को हुआ था। महज साढ़े 12 साल की उम्र में आचार्य श्री 108 पुष्पदंत सागर जी महाराज से दीक्षा लेकर आध्यात्म की दुनिया में प्रवेश कर गए। 10 अप्रैल 2022 को कठिन साधना के बाद द्रोणगिरी में आचार्य पद पर आसिन हुए।

खुली गाड़ी में अभिनंदन स्वीकार करते सीएम साय।

बालाजी मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में हुए शामिल

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नगर प्रवास के दौरान बालाजी मंदिर प्रांगण में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए। उन्होंने भगवान बालाजी का आशीर्वाद लेकर कथा में मौजूद लोगों को संबोधित किया। श्रीमद्भागवत कथा में उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मां चंडी, मां खुड़िया रानी, स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव के आशीर्वाद से जशपुर के इस बेटे को सीएम के रूप में काम करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि प्रथम जशपुर आगमन पर बालाजी भगवान, खुड़िया रानी एवं सभी जशपुरवासियों को प्रणाम करता हूं। आपके आशीर्वाद से इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिली है। इस पद की जिम्मेदारी अच्छे से निभा पाऊं यह सब आपके आशीर्वाद से ही संपन्न होगा। मुख्यमंत्री ने सभी को प्रणाम करते हुए सभी लोगों का आभार जताया। इस दौरान विधायक श्रीमती रायमुनि भगत एवं श्रीमती गोमती साय, अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित भारी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे।

साय ने जिले को दी लाखों की सौगात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरूवार को जिले में 11099.27 लाख रुपए का सौगात दिया। इसमें कुल 182 लोक कल्याणकारी कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया । जिसमें लोकापर्ण के 53 कार्यों के लिए 3264.93 लाख एवं भूमिपूजन 129 कार्यों के लिए 7834.34 लाख के कार्य शामिल है। इनमें जशपुर विधानसभा में 5698.25 लाख के कुल 45 कार्य, कुनकुरी विधान सभा के 4050.16 लाख के कुल 102 कार्य एवं पत्थलगांव विधानसभा के 1350.86 लाख के कुल 35 कार्य शामिल हैं। लोकार्पण के कार्य में विधानसभा क्षेत्र जशपुर अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 06 कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जशपुर के 02 कार्य, कृषि विभाग के 3 कार्य, नगरपालिका परिषद जशपुर के 01 कार्य, अक्षय ऊर्जा विभाग के 3 कार्य और लोक निर्माण विभाग के 01 कार्य, वि.या.लाईट मशीनरी नलकूप, गेट उप संभाग अम्बिकापुर के 01 एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कलयाण विभाग के 01 कार्य शामिल है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र कुनकुरी अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 21 कार्य, छ.ग. ग्रामीण सड़क विकास अभि. जशपुर के 01 कार्य, अक्षय ऊर्जा विभाग के 02 कार्य, नगर पंचायत कुनकुरी के 01 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 01 कार्य और आदिवासी विकास विभाग के 01 कार्य शामिल हैं।

साय के प्रथम आगमन को लेकर उत्साहित रहे जशपुरवासी

मुख्यंमत्री बनने के बाद अपने गृह जिले में प्रथम आगमन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का स्थानीय हैलीपेड में हुआ आत्मीय स्वागत किया गया। । पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव ,पूर्व अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग कृष्ण कुमार राय,जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनि भगत, पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय, भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील गुप्ता, आईजी सरगुजा अंकित गर्ग, कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डी.रविशंकर सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर किया आत्मीय स्वागत।

■ शहर के चौक चौराहों में स्वागत द्वार लगा अभिनंदन को आतुर रहे नागरिक

मुख्यमंत्री ने किया जूदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण

■ मुख्यमंत्री श्री साय और श्री जूदेव की गहरी आत्मीयता रही

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरूवार को जिला मुख्यालय में रणजीता स्टेडियम के समीप स्थापित स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव की आदमकद प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया। यहां पहुंचने पर ग्राम कोमड़ो एवं बुमतेल से आए पारंपरिक सरहुल और कर्मा नर्तक दल ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान विधायक श्रीमती रायमुनि भगत और श्रीमती गोमती साय, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, कृष्णा राय, राजू गुप्ता सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे। 8 मार्च 1949 को जशपुर के तत्कालीन शाही परिवार में जन्में स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव बेहद सहज, सरल और विनम्र स्वभाव के थे। जशपुर वासियों के साथ उनके गहरे आत्मीय संबंध थे। खासकर जनजातीय समुदाय के बीच वे काफी लोकप्रिय रहे। श्री जूदेव के पिता स्वर्गीय राजा विजय भूषण सिंह देव जशपुर के अंतिम शासक थे। स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव तीन बार राज्यसभा और एक बार लोकसभा सांसद रहे। वह प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में पर्यावरण और वन राज्य मंत्री भी थे।

विकसित भारत संकल्प यात्राः अब तक एक लाख से अधिक लोग हुए शामिल

रायगढ़। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी लेने बड़ी संख्या में ग्रामवासी जुड़ रहे है। इस दौरान जिले के 106 ग्राम पंचायतों में लगाए गए शिविर के माध्यम से अब तक 01 लाख 3 हजार 40 लोग शामिल हो चुके है। जिसमें से 56 हजार 677 महिलाएं शामिल है। केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने शिविर के माध्यम से मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपने अनुभव साझा किए और योजनाओं का लाभ लेने हेतु अन्य लोगों को प्रेरित किया।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन आज रायगढ़ जिले के विभिन विकासखंड के ग्राम पंचायत में पहुंची। कार्यक्रम के प्रारंभ में मोबाईल वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर सभी ने विकसित भारत के लिए संकल्प लिया एवं चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी ली। वैन के माध्यम से कृषि गतिविधिए ड्रोन डेमोंस्ट्रेशन व स्वाईल हेल्थ कार्ड डेमोंट्रेशन का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों एवं ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के लिए लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत ऑन स्पॉट सेवाएं मिलेगी। इनमें स्वास्थ्य शिविर, टीबी परीक्षण, एनसीडी, जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग, पीएम उज्जवला नवीन पंजीयन, मेरा भारत स्वयंसेवक पंजीयन, आधार अपडेशन, स्टार्टअप इंडिया स्टैंडअप इंडिया, मुद्रा लोन पीएम स्वनिधि, डेटा पोर्टल में जानकारी अपलोड करना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का डिजीटल रथ कल 29 दिसम्बर को जिले के इन गांवों में पहुंचेगी। जहां केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में लोगों को जानकारी दी जाएगी। इनमें धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम अलोला एवं विजयनगर, घरघोड़ा के पतरापाली एवं रूमकेरा, खरसिया के बरभौना एवं गुरदा, लैलूंगा के सरडेगा एवं पहाड़ लुड़ेग, पुसौर के बिंजकोट एवं एकताल, रायगढ़ के भगोरा एवं अड़भाल तथा विकासखण्ड तमनार के ग्राम.मौहापाली एवं बरपाली शामिल है।

धान खरीदी में तेजी आने के साथ ही केन्द्रों में बढ़ी किसानों की परेशानी

आवक टोकन कटाने से लेकर तौल कराने तक हलाकान हो रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खून पसीने की कमाई धान को समर्थन मूल्य पर बेचने किसानों को इन दिनों ऐड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है। शासन प्रशासन के तमाम दिशा निर्देशों के बावजूद खरीदी केन्द्रों में किसान धान बेचने के लिए परेशान हो रहे है। स्थिति यह है कि टोकन कटवाने से लेकर बारदाना हासिल करने और तौल कराने तक किसानों को कई दिनों तक केन्द्र प्रभारी, ऑपरेटर और हमाल तक के आगे गिड़गिडाना पड़ रहा है।

कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में दिसंबर महीने में ही धान खरीदी में गति आती है। वर्तमान में जिले के खरीदी केन्द्रों में धान बेचने के लिए किसानों की भीड़ पहुंच रही है। इसके साथ ही वहां व्याप्त अव्यवस्था और समस्याओं के चलते किसानों को सुबह से शाम तक केन्द्र प्रभारी से लेकर हमाल तक के आगे मिन्नतें करनी पड़ती है। इसके बाद भी टोकन नहीं कटा तो दूसरे- तीसरे दिन फिर से वहीं काम होता है। जैसे तैसे टोकन कट जा रहा है तो आगे बारदाना मिलने से लेकर तौल कराने तक में किसानों की ऐड़ियां घिस जा रही है। दिसंबर महीने के आखिरी सप्ताह में धान खरीदी में अब गति आने लगी है। केन्द्रों में किसान सैकड़ों की तादाद में पहुंच रहे है। जहां सबसे पहले आवक टोकन लेने में उन्हें मशक्कत करनी पडती है। जैसे तैसे आवक टोकन कट जाए तो निर्धारित तिथि में धान पहुंचाकर तौल कराने की चुनौती होती है। खरीदी केन्द्रों में कहने को तो प्रभारी के अलावा जिम्मेदार अधिकारी भी होते है, लेकिन पूरा का पूरा दारोमदार हमालों पर टिका होता है। केन्द्र प्रभारी से बात बन भी जाए तो हमालों से धान तौल करा पाना सहज नहीं होता। ऐसे में किसानों को हर जगह परेशानी तो हो रही है, ऊपर से जेबे भी ढीली करनी पड़ती है। इस तरह की समस्या जिले के नवागढ़, किरीत, नेगुरडीह, तुलसी, मिसदा, केरा सहित अधिकांश खरीदी केन्द्रों में देखने को मिल रही है। किसानों ने बताया कि यहां सर्वाधिक परेशानी फड़ पर लाए गए धान को पलटने के लिए बारदाना लेने में होती है। इसके बाद तौल कराने के लिए भी हमालों के सामने मिन्नते करनी पडत है। इसके अलावा व्यापारियों, बिचौलियों सहित रसूखदारों का काम आसानी से हो जाता है।

शासकीय विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन

रायगढ़। ग्राम पंचायत पंडरीपानी पश्चिम के शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला पण्डरीपानी, प संकुल डोंगीतराई में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सांस्कृतिक कार्यक्रम सह वार्षिकोत्सव का आयोजन विद्यालय परिवार, शाला प्रबन्ध समिति के सदस्यों, पालकों, गणमान्य नागरिकों एवं पंचायत सदस्यों की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

वार्षिकोत्सव में खेल, रंगारंग कार्यक्रम, कक्षावार उत्कृष्ट उपस्थिति एवं उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम जुन 2023 से 30 नवम्बर 2023 स्थिति में बच्चों के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसे उपस्थित समिति सदस्यों व पालकों के द्वारा अवलोकन कर संस्था के सहयोग से उन्हें पुरुष्कृत किया। शिक्षकों द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित कराये जाने वाले इस वर्ष के कार्यक्रम में समुदाय की सर्वाधिक सहभागिता रही। उक्त अवसर पर ग्राम पंचायत पंडरीपानी के सरपंच दिगम्बर सिंह राठिया, उपसरपंच भगवती साहू के साथ अन्य पंचायत प्रतिनिधियों, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष दिगम्बर सिंह राठिया एवं तन्नु लाल राठिया तथा उपाध्यक्ष दीनदयाल साहू एवं त्रिलोचन साहू की उपस्थिति रही। वार्षिक उत्सव में खेल, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए शिक्षकीय स्टॉप के सहयोग से पुरस्कार वितरित किए गए। बच्चों की सर्वाधिक उपस्थिति में बालबाड़ी से कक्षा 8वहीं तक के विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। जिनमें बालबाड़ी से मोनिका साहू, कक्षा पहली से श्रद्धा खडिय़ा, कक्षा दूसरी से यहसु साहू, तीसरी से लव खडिय़ा, चौथी से हरिशंकर, 5वी से मोहित साहू, 6वी से किरण साहू, पूनम चन्द्र, सातवीं से डिलेश्वरी एवं आठवीं से हीना साहू को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण की कड़ी में परीक्षा में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बालबाड़ी से 8 वी तक के बच्चों को पुरस्कृत किया गया जिनमें श्रद्धा, सिद्धि, लव खडिय़ा, आयुष राठिया, मुस्कान, ललिता, डिलेश्वरी एवं रागिनी चौहान को पुरस्कृत किया गया। खेलों को बढ़ावा देने के क्रम में 100 मी दौड़, 200 मी दौड़, पिट्ठुल, गिल्ली डंडा, कांचा, फुगड़ी, खोखो का आयोजन भी किया गया। इन खेलों के अंतर्गत व्यक्तिगत खेलों में 30 विद्यार्थियों एवं सामूहिक खेलों में 18 खिलाडिय़ों को पुरुस्कार दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी 23 बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

बालको ने अपने अभियान से एचआईवी/एड्स जागरूकता में अग्रणी भूमिका निभाई

बालकोनगर, 28 दिसंबर, 2023। भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व एड्स दिवस के तहत अपनी परियोजना 'आरोग्य' के अंतर्गत एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता अभियान आयोजित किया। जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बालको ने अपने सामुदायिक विकास के तहत जिले में 26,000 से अधिक व्यक्तियों तक सफलतापूर्वक पहुंच बनायी।

अभियान का उद्देश्य एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इस बीमारी से लड़ना और निवारक उपायों को बढ़ावा देना शामिल है। यह उच्च जोखिम वाले समूहों, युवाओं और विभिन्न समुदायों के भीतर सभी को जागरूक करना है। पूरे महीने में चले इस 'जागरूकता रथ' अभियान का शुभारंभ जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। अभियान में समुदायों के भीतर एचआईवी/एड्स के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए वीडियो, ऑडियो और पैम्फलेट का उपयोग किया गया।

अभियान में उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में समूह जागरूकता सत्र, माता-पिता और युवाओं को एचआईवी/एड्स से संबंधित सुरक्षा और रोकथाम रणनीतियों पर संवेदनशील बनाने के लिए स्थानीय स्वास्थ्य निकायों और समुदायों को जोड़ने का काम किया गया। युवा चौपाल के माध्यम से सभी के सीखने की सुविधा प्रदान की गई, जहां किशोर लड़कियों और लड़कों को लीडर बनाकर समुदायों के भीतर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस पहल में स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता सत्र संचालित किये गए जो 500 से अधिक युवाओं तक पहुंचे। इसका उद्देश्य उन्हें आवश्यक जानकारी तथा सहानुभूति को बढ़ावा देना और एचआईवी/एड्स के संबंध में संवेदनशील व्यवहार को प्रोत्साहित करना था।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि हम एक ऐसे भविष्य की कल्पना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां जागरूकता एचआईवी के खिलाफ एक शक्तिशाली ढाल के रूप में कार्य करेगा। जागरूकता सत्रों के साथ हमारा लक्ष्य एक अधिक सूचित और प्रगतिशील समाज को बढ़ावा देना है, जो ऐसी बीमारी के ट्रांसमिशन में कमी लाएगा और जीवन को सुरक्षित कर सकता है। समुदायों के भीतर हमारा लक्ष्य सभी के लिए एक स्वस्थ और उज्जवल भविष्य बनाने की दिशा में हमारी कटिबद्धता को दर्शाता है। नागरिकों से बीमारी को बेहतर ढंग से समझने का अनुरोध करते हुए कोरबा जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केसरी ने कहा कि मैं प्रत्येक नागरिक से आगे बढ़ने, जानकारी प्राप्त करने और अपनी एचआईवी/एड्स स्थिति के बारे में जागरूक रहने का आग्रह करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विकास खंड और जिले के भीतर, एकीकृत परीक्षण और परामर्श केंद्र (आईसीटीसी) तैयार हैं, जो व्यक्तियों को उनकी भलाई की यात्रा में सशक्त बनाने के लिए मुफ्त परीक्षण और परामर्श प्रदान करते हैं।

बालको की परियोजना आरोग्य, स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रमों के माध्यम से समुदाय की सेवा करने पर केंद्रित है। इस पहल से ट्रक चालकों और प्रवासी श्रमिकों जैसे उच्च जोखिम वाले व्यवहार वाले समूहों के बीच एचआईवी पर जागरूकता पैदा करने की दिशा में भी परिश्रमपूर्वक काम करती है। वित्तीय वर्ष 2024 में अभी तक मे 2,000 से अधिक व्यक्तियों को कैनोपी शिविरों, वन-टू-वन परामर्श सत्रों और समूह जागरूकता सत्रों के माध्यम से जागरूक किया गया। ग्रामीण स्वास्थ्य पोस्ट परसाभाटा में परामर्श केंद्र एचआईवी जागरूकता परामर्श और एचआईवी परीक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करता है। प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को मनाया जाने वाला विश्व एड्स दिवस, एचआईवी/एड्स महामारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित एक वैश्विक पहल है। यह वायरस के खिलाफ चल रही लड़ाई को याद दिलाता है और उन लोगों की याद दिलाता है जिन्होंने एड्स से संबंधित बीमारियों से अपनी जान गंवा दी है।

बालको सोशल रिवाइवल ग्रुप ऑफ अर्बन, रूरल एंड ट्राइबल (एसआरओयूटी) के साथ साझेदारी में आरोग्य परियोजना के तहत प्रभावशाली स्वास्थ्य देखभाल के माध्यम से समुदाय की सेवा करने में दृढ़। कंपनी ग्रामीण स्वास्थ्य पोस्ट के माध्यम से समुदायों के लिए गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करती है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और कुपोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अभियानों के माध्यम से जागरूकता पैदा करती है। कंपनी हर 15 दिनों में एक मोबाइल हेल्थ वैन की मदद से स्वास्थ्य देखभाल चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करती है। कंपनी मेगा स्वास्थ्य शिविरों और जागरूकता अभियानों का आयोजन करती है। टीकाकरण और स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा देती है, जबकि घरेलू दौरों और विशेष परामर्शों के माध्यम से सुलभ स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करती है। अपनी उपचारात्मक और निवारक सेवाओं के माध्यम से, बालको वित्तीय वर्ष 2023 में 45,000 से अधिक व्यक्तियों तक पहुंच गया है।

ADVT

गर्भवती महिला को पुलिसकर्मियों ने मानव श्रृंखला बनाकर पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में व्हीव्हीआई आगमन को लेकर काफी भीड़ थी। इसी दरमियान शाम करीब 6.30 बजे घरघोड़ा से रायगढ़ प्रसूति के लिए निजी वाहन में केजीएच अस्पताल जा रही वाहन भीड़ में फंस गई। जानकारी के मुताबिक ग्राम कुडूमकेला की गर्भवती महिला श्रीमती मोहरमति सीएचसी घरघोड़ा में प्रसव के लिये भर्ती थी जिसे रायगढ़ अस्पताल रिफर किया गया। महिला का परिवार उसे निजी वाहन में लेकर केजीएच अस्पताल आ रहे थे। जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचने को लेकर वे आज प्रतिबंधित किए गए मार्ग में प्रवेश कर एसपी ऑफिस के समीप भीड़ में फंस गए और आगे नहीं बढ़ पा रहे थे। निजी वाहन होने के कारण किसी का ध्यान वाहन में प्रसव पीड़ा में तड़प रही महिला की ओर नहीं गया। तभी ड्यूटी पर तैनात थाना कोतवाली के प्रधान आरक्षक हेमंत पात्र और साइबर सेल के स्टाफ नवीन शुक्ला रोड़ क्लीयर कराने वाहन के पास पहुंचे। तब उन्हें वाहन में गर्भवती महिला के होने की जानकारी मिलीए महिला की स्थिति बेहद गंभीर थीए वाहन में ही शिशु जन्म देने वाला था।

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रवन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

खबर संक्षेप

राष्ट्रीय शालेय तैराकी स्पर्धा में भाग लेंगे पार्थ

कोरबा। राज्य एवं राष्ट्रीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में तैराकी में एक के बाद एक पदक जीत चुके पार्थ श्रीवास्तव जिले के एकमात्र तैराक हैं जो अब तक कि विभिन्न तैराकी प्रमियोगिताओं में कई पदक जीत चुके हैं। लगातार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपने बेहतर प्रदर्शन से पदक जीतने वाले पार्थ का चयन दिल्ली के तालकटोरा स्विमिंग पुल में आयोजित होने वाली 67वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स के लिए हुआ है प्रतियोगिता 3 जनवरी 2024 से 9 जनवरी 2024 तक दिल्ली के तालकटोरा स्विमिंग पूल में आयोजित हो रहा है। जिसमें जिले के एकमात्र तैराक पार्थ श्रीवास्तव का चयन हुआ है। पार्थ श्रीवास्तव न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल रामपुर में ग्यारहवीं के छात्र हैं। पार्थ श्रीवास्तव इससे पूर्व 37वीं नेशनल गेम्स जो की गोवा में आयोजित हुआ था, उसमें वे 9वीं पोजिशन में आए थे। पार्थ श्रीवास्तव इस वर्ष के नेशनल स्कूल गेम्स में पदक के दावेदार हैं। पार्थ श्रीवास्तव नेशनल स्कूल गेम्स में 200 ,400 और 800 मीटर फ्री स्टाइल में अपना जौहर दिखाएंगे। पार्थ श्रीवास्तव इसके पूर्व अपने राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में अपने सभी इवेंट्स में गोल्ड मेडल जीत कर अपना चयन नेशनल की प्रतियोगिता के लिए करवाए है।

त्यौहार शत्रुनता व वैमनस्य को भुलाकर मित्रता, सत्यता का पाठ पढ़ाती है:डॉ. गुप्ता

कोरबा। त्यौहारों का देश कहा जाने वाला देश भारत जहाँ हर त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, चाहे वह धार्मिक त्यौहार हो चाहे राष्ट्रीय त्यौहार। दिसम्बर जो कि पूरे वर्ष का अंतिम समय अंतिम महिना है, ऐसे में जहाँ हम अपने पूरे वर्ष के कार्यों की समीक्षा कर, पुराने की विदाई हेतु भाव विभोर रहते हैं, उसी समय जिंगल बेल की धुन पर सैंटा हमारे बीच क्रिशमस की सौगात लेकर नये वर्ष का स्वागत करता हमारे चेहरे पपर खुशियों के रंग बिखेरता हैं। दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में बड़े ही हर्षोल्लाष के साथ क्रिशमस का त्यौहार मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम क्रिशमस के पावन अवसर पर परंपरानुसार केक काटकर सभी को क्रिशमस की शुभकामनाऐं दी गई। छोटे-छोटे बच्चों ने सांता क्लास का मनमोहक रूप धारण कर सबको क्रिसमस की बधाइयां दी। सैंटा बने बच्चों ने अन्य विद्यार्थियों को चॉकलेट बांटकर क्रिसमस की खुशियां बांटी। इस अवसर पर शिक्षिका श्रीमती स्वाति सिंह ने अपने उद्बोधन में बच्चों को बताया कि क्रिशमस का त्यौहार प्रभु ईशा मसीह के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है तथा श्री फैडरिक ने बताया कि निःस्वार्थ भाव से सेवा एवं सत्य के मार्ग पर सतत रूप चलना ही मानव का उद्देशय होना चाहिए। प्राचार्य डॉ.संजय गुप्ता ने कहा कि अनेकता में एकता यह हमारी विशेषता है। सभी त्यौहारों से हमें जो शिक्षा मिलती हैं, उसे जीवन में आत्मसात करना चाहिए। हर त्यौहार हमें शत्रुनता व वैमनस्य को भूलाकर मित्रता एवं सत्यता का पाठ पढ़ाती है। हमें सच्चे दिल से हर त्यौहार को मनाना चाहिए उससे मिलने वाली सीख को अपने जीवन में लाना चाहिए।

जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 10 बिस्तर वाला आईसोलेशन वार्ड तैयार

कोरबा। जिले में कोविड-19 संक्रमण के रोकथाम हेतु आवश्यक तैयारी करते हुए जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कोरोना संक्रमित मरीज के उपचार हेतु 10 बिस्तर सुसज्जित आईसोलेशन वार्ड तैयार किया गया है। उक्त सभी 10 बेड ऑक्सीजन पाईप लाईन से जुड़े हुए हैं। साथ ही आईसोलेशन वार्ड में आवश्यक उपकरण वेंटिलेटर, बी-पैप, सी-पैपए ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर के साथ जीवनरक्षक दवाईयाँ की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। चिकित्सालय में 2 ऑक्सीजन प्लांट संचालित है। चिकित्सालय में पूर्व से ही संचालित वायरोलोजी लैब में आरटीपीसीआर रिएजेण्ट एवं किट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिससे कोरोना की जॉच निरंतर जारी है। साथ ही वार्ड में आवश्यक तैयारी जायजा लेने हेतु मॉक ड्रिल भी पूर्ण कर लिया गया है। 26 दिसंबर को जारी कोरोना बुलेटिन के मुताबिक दुर्ग में चार और रायपुर में एक संक्रमित मरीज फिर मिले हैं।

सब इंस्पेक्टर के रिजल्ट जारी करने युवाओं ने निकाला कैंडल मार्च

कोरबा। प्रदेश में सब इंस्पेक्टर के लिए वर्ष 2018 में हुए भर्ती परीक्षा का रिजल्ट 5 साल से अटका हुआ है। कांग्रेस सरकार का पूरा कार्यकाल गुजरने तक अभ्यार्थियों ने रिजल्ट जारी होने का इंतजार किया। अब नई सरकार आने के बाद उक्त भर्ती परीक्षा रद्द न कर दिया जाए इसे लेकर अभ्यार्थियों में चिंता बढ़ गई है। इसलिए जिले सहित प्रदेश में अभ्यार्थियों द्वारा जल्द रिजल्ट जल्द जारी करने की मांग की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार की शाम जिले में अभ्यार्थी जो सब इंस्पेक्टर परीक्षा दे चुकें है वे सुभाष चौक से घंटाघर तक कैंडल मार्च निकालकर रिजल्ट जारी करने की मांग किए।

शहरी क्षेत्र के लोड को डिवाइड करने विभाग की हो रही है पहल

चार सब स्टेशन की निर्माण गति सुस्त, अब तक नहीं हो पाया चार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गर्मी के दिनों में शहरी क्षेत्र में बिजली की डिमांड बढ़ जाती है और ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ जाता है जिसकी वजह से पावर कट की समस्या आम हो जाती है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए शहरी क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा चार अलग-अलग स्थान पर सब स्टेशन पर स्थापित करने की दिशा पर पहल की गई है और सब स्टेशन का काम चल भी रहा है लेकिन अब तक सब स्टेशन का काम पूरा नहीं हो पाया है यदि आने वाले गर्मी में यह काम पूरा नहीं हो पाया तो निश्चित तौर पर शहरवासियों को बिजली के लिए फिर से दो-चार होना पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि विद्युत वितरण विभाग के स्थानीय अफसर द्वारा शहरी क्षेत्र के पाड़ीमार जोन, तुलसी नगर जोन और दर्री जोन में चार अलग-अलग सब स्टेशन बनाने का प्रस्ताव भेजा गया था। जहां से स्वीकृति मिलने के बाद शहर के सुनालिया मोड़ पर, खरमोरा, मिनीमाता कॉलेज के पीछे व दर्री सहित चार अलग-अलग स्थान में करोड़ों की लागत से सब स्टेशन तैयार किया जा रहा है लेकिन जिस गति से काम चल रहा है इससे काम लगातार पिछड़ते ही जा रहा है। अब तक सब स्टेशन को चार्ज हो जाना था लेकिन अब तक चारों सब स्टेशन में से एक भी चार्ज नहीं हो पाया है। आने वाले कुछ दिनों में मार्च के महीने से गर्मी शुरू हो जाएगा और ऐसे में सब स्टेशन चार्ज नहीं हुआ तो निश्चित तौर पर शहरवासियों को बिजली के लिए फिर से परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि विद्युत विभाग के अफसर का मानना है कि गर्मी के पहले जो सब स्टेशन को तैयार कर चार्ज कर लिया जाएगा और इस गर्मी में शहरवासियों को बेहतर विद्युत आपूर्ति हो सके इस दिशा पर पहल होगी। चारों सबस्टेशन के चार्ज होने जाने के बाद लोड की समस्या ना के बराबर रहेगी और लोड डिवाइड हो जाएगा जिससे समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी।

खास बात

- गर्मी में नहीं हुआ चार्ज तो उपभोक्ताओं को झेलनी पड़ेगी फिर परेशानी

फाइल फोटो

मार्च के पहले किया जाएगा चार्ज

शहरी क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने चार सब स्टेशन के निर्माण का काम चल रहा है। जिसमें से खरमोरा सब स्टेशन 15 दिन के भीतर चालू होने की उम्मीद है जबकि शेष 3 सब स्टेशन को मार्च के पहले चार्ज किया जाएगा।

- प्रेम लाल सिदार
अधीक्षण यंत्री, विद्युत वितरण विभाग

मार्च से बढ़ेगी बिजली की डिमांड

हालांकि अभी ठंड का मौसम चल रहा है बिजली की डिमांड बहुत कम है और ऐसे में विद्युत विभाग के स्थानीय अफसर व कर्मचारी अभी राहत की सांस ले रहे हैं लेकिन आने वाले मार्च के महीने से गर्मी दस्तक देगी और गर्मी के साथ ही बिजली की डिमांड बढ़ेगी। ऐसे में जैसे-जैसे बिजली की डिमांड बढ़ती है वैसे-वैसे ट्रांसफार्मर पर भी लोड बढ़ना शुरू हो जाता है। जिससे बिजली की समस्या भी लगातार बढ़ती ही जाती है इसलिए स्थानीय अफसर को गर्मी को ध्यान में रखकर अभी से बिजली की सारी व्यवस्था करनी चाहिए ताकि शहरवासियों को और उपभोक्ताओं को बिजली के लिए फिर से गर्मी में परेशानी ना हो।

गर्मी में सबसे ज्यादा होता है पावरकट

हालांकि अभी गर्मी का सीजन आने में 2 महीना शेष है। मार्च के महीने से जैसे-जैसे सूर्य की तपिश तेज होगी अप्रैल मई के महीने में बिजली की डिमांड सबसे ज्यादा पिक पर होती है जो लगातार जून जुलाई तक जाता है। ऐसे में शहरी क्षेत्र या ग्रामीण क्षेत्र की बात करें तो पावर कट की समस्या आम हो जाती है। बीते वर्ष शहरी क्षेत्र में पावरकट की समस्या इतनी विकराल रूप ले चुकी थी कि शहरवासियों का कई बार आक्रोश भी फूट पड़ा था इसके लिए स्थानीय अफसर व राजधानी के अफसरों को भी फटकार खानी पड़ी थी और राजधानी के अफसर भी यहां पहुंचे थे और शहर की विद्युत व्यवस्था को बहाल करने की दिशा पर पहल भी की थी। हालांकि अब इस गर्मी में पता चलेगा कि शहर की विद्युत व्यवस्था किस हद तक सुधरी है या नहीं।

बिरसा मुंडा व शहीद वीर नारायण सिंह के नाम पर हो नया संयंत्र

सीएम से मुलाकात करते संघ के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ के केंद्रीय एवं छत्तीसगढ़ के प्रदेश पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर श्रमिक हितों से जुड़े विभिन्न मांगे रखी। जिसपर मुख्यमंत्री ने सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा है कि मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में प्रदेश चहुंमुखी विकास करेगा।

भारतीय मजदूर संघ राष्ट्रवादी संगठन है जो कि भारत के लगभग सभी राज्यों में पूरे प्रदेश के श्रमिकों के हित में निरंतर कार्य कर रहा है। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री नरोत्तम धृतलहरे ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ का त्रैवार्षिक अधिवेशन 20 व 21 जनवरी को औद्योगिक क्षेत्र दल्ली राजहरा में आयोजित होगा। जिसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आमंत्रित किया गया है। भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन समझौता पूर्ण करवाने व एरियर्स दिलवाने हेतु सहयोग प्रदान करने तथा भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका श्रमिकों को राज्य शासन की दर पर मजदूरी का भुगतान किया जाता है जबकि भिलाई इस्पात संयंत्र केन्द्र सरकार का उपक्रम है और केन्द्र सरकार का मजदूरी दर राज्य सरकार की दर से ज्यादा है और भिलाई में केन्द्रीय श्रम कानून लागू होता है। संघ की मांग है कि कोरबा में प्रस्तावित 1320 मेगावाट नये संयंत्र का नामकरण भगवान बिरसा मुंडा या शहीद वीरनारायण सिंह के नाम पर किया जाए, विद्युत कंपनी में भी पुरानी पेंशन योजना शुरू कि जाए साथ ही लंबे समय से संविदा में कार्यरत लाईन कर्मचारियों को नियमितिकरण करते हुए बोनस एवं मंहगाई भत्ता प्रदान किया जाए, कांग्रेस सरकार के गठन होते ही भाजपा द्वारा लागू औद्योगिक विवाद अधिनियम को समाप्त कर औद्योगिक संबंध अधिनियम लागू करके बालको संयंत्र में कार्यरत इंटक यूनियन को अनुचिंत ढंग से मान्यता दे दिया गया है। श्रम विभाग को आदेशित करते हुए तत्काल चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ किया जाए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को कलेक्टर दर पर भुगतान किया जाए तथा रिक्त पदों पर विभागीय कार्यकर्ताओं की भर्ती 50 प्रतिशत तक किया जाए। प्रदेश में कार्यरत रसोइयों कार्यकर्ताओं को विगत 2 से 3 माह का मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है तथा कई जिलों में 4 से माह तक मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है। नियमित भुगतान की पहल की जाए, घोषणा पत्र के अनुरूप मितानीनों की मानदेय में 50 प्रतिशत राशि की वृद्धि किया जाए। इस दौरान सुनील किरवई, सुरेन्द्र पाण्डे, आरएस जायसवाल, शोभा सिंहदेव, भोला प्रसाद तिवारी, नरोत्तम धुतलहरे, सुश्री रीता एक्का, दिनेश पांडे, सोनिया मरावी, शंख ध्वनि सिंह बनाफर, योगेश दत्त एवं सुंदर सिंह वर्मा आदि उपस्थित रहे।

खास बात

- भारतीय मजदूर संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर रखी मांग

जिले के 5 ब्लॉकों में 3 करोड़ 30 लाख की लागत से तैयार होंगे 10 उप स्वास्थ्य केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पांचों विकासखंडों में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण के लिए स्वीकृति मिल गई है। प्रतिवर्ष जिले को जारी होने वाले 15वें वित्त की राशि 3 करोड़ 30 लाख रुपए खर्च कर 10 नए उप स्वास्थ्य केंद्र तैयार किए जाएंगे। इसके लिए प्रति इकाई 28 लाख 51 हजार की राशि निर्धारित की गई है। इसे लेकर प्रबंध संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छग को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति से संबंधित पत्र भी जारी कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि जिले सहित प्रदेश के अन्य जिलों में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर करने के उद्देश्य से वर्ष 2021 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छग की निदेशक डॉ नेहा गर्ग के द्वारा नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए परिवार कल्याण मंत्रालय निर्माण भवन दिल्ली को पत्र प्रेषित कर आग्रह किया गया था। इस पत्र के दो साल बाद स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छग की निदेशक के प्रस्ताव को स्वीकृत करते हुए नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण को हरी झंडी दे दी है। यह एक बड़ा प्रोजेक्ट होगा जिसके तहत 15वें वित्त की राशि से न केवल कोरबा में बल्कि प्रदेश के सभी जिलों में 544 नवीन उप स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण होगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय दिल्ली के द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने से संबंधित पत्र में उल्लेख किया गया है कि केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश के जिलों में 544 नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र के अधोसंरचना निर्माण हेतु प्रति संस्था 28.51 लाख के मान से 15509.44 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी जाती है। पत्र में प्रदेश के अन्य जिलों के साथ ही कोरबा जिले में भी 10 नवीन उप स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण का रास्ता प्रशस्त हो गया है। उक्त सभी नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र जिले के पांचों विकासखंड में तैयार होंगे। इसके लिए जल्द ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छग के द्वारा निविदा की प्रक्रिया शुरु की जाएगी।

सबसे अधिक कटघोरा ब्लॉक में बनेंगे उप स्वास्थ्य केंद्र

सबसे अधिक नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कटघोरा ब्लॉक में होना है। कटघोरा ब्लॉक अंतर्गत चाकाबुड़ा में एक, छुरीकला में एक, विजय नगर कटघोरा में एक, सिंचाई कॉलोनी कटघोरा में एक एवं मुख्य शहर कटघोरा में एक नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जाएगा। इस तरह से कुल 10 नए उप स्वास्थ्य केंद्रों में से कटघोरा ब्लॉक में ही 5 स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसके अलावा कोरबा ब्लॉक के रामसागरपारा में एक, करतला ब्लॉक के खरवानी में एक, पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत राहा में एक और ग्राम पंचायत चैतमा में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र तैयार किए जाएंगे।

केसीसी ने किया जलप्रपात शैक्षणिक भ्रमण

कोरबा। कोरबा शिक्षण समिति द्वारा संचालित अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से सम्बद्ध कोरबा कम्प्यूटर महाविद्यालय द्वारा अपने विद्यार्थियों के विकास हेतु शैक्षणिक भ्रमण तथा वनभोज का आयोजन लेमरू, देवपहरी के समीप नकिया में आयोजित किया गया। महाविद्यालय के निर्देशक राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का संपन्न हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने हाइड्रो-जनरेशन पॉवर प्लांट का निरीक्षण कर, पर्यावरण एवं पारिस्थितिक तंत्र का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों को स्वल्पाहार वितरित किया गया।

दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएवी सीएई एवं रीजनल ट्रेनिंग सेंटर छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जेंजरा में दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम फेस टू 26 से 27 दिसंबर का आयोजन उपक्षेत्रीय अधिकारी व प्रशिक्षण समन्वयक प्रशांत कुमार के दिशा -निर्देशन में तथा कोरबा जोन -ई की सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ श्रीमती राज रेखा शुक्ला के मार्गदर्शन में व खरमोरा के प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी, सैला पाली के प्राचार्य के. बी पांडेय, भंवर के प्रभारी प्राचार्य विवेक जयसवाल, बड़मार के प्रभारी प्राचार्य राजू साहू के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में कोरबा में संचालित समस्त डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के विभिन्न विषयों के 70 शिक्षक- शिक्षिकाएं प्रशिक्षित हुए जिसमें प्रशिक्षित करने के लिए डीएवी (सीएई) के द्वारा नियुक्त मास्टर ट्रेनर भारती जटवार, शशि भूषण पाधी, विनीता गुमास्था, निशा नायर, ओम प्रकाश काटरे, डी.के पांडा, पूनम जयसवाल, स्वेता जयसवाल एवं गोविंद प्रसाद पाण्डेय के द्वारा सभी प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमे विभिन्न कौशलों व बच्चों की प्रतिभा में निपुणता, गुणवत्ता, लाभकारी व रुचिकर बनाने के गुण और तरीके भी बताए गए। साथ ही वैदिक हवन-यज्ञ कराया गया। अंत में संस्था प्रमुख डा श्रीमती राज रेखा शुक्ला ने इसमें सभी विषय प्रशिक्षकों को स्मृतिचिन्ह प्रदान कर उनका आभार व्यक्त किया एवं उन्होंने कहा यह कार्यशाला तभी सफल माना जायेगा जब हमारे प्रशिक्षक इसे अपने विद्यालय में क्रियान्वयन करेंगे। कार्यक्रम के समापन समारोह में सभी स्कूलों से आए जिनमे प्रभात कुमार पंडा, मनीषा राजपूत, सोनी सिंह, संगीता पांडेय, प्रीति अग्रहरि ने इस कार्यशाला से प्राप्त हुए ज्ञान और शैक्षणिक पद्धति का प्रयोग करने पर अपने विचार व्यक्त किया। खरमोरा के प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी ने कहा कि इस कार्यशाला से प्रशिक्षण पश्चात प्रशिक्षक इस क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का शिक्षण में पूर्ण रूप से उपयोग करेंगे। इस कार्यशाला के द्वारा वे अपने विद्यालयों में जाकर बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए पूर्ण रूप से योगदान देंगे। सभी प्रशिक्षकों को प्रमाण-पत्र भी दिया गया।

कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर सौरभ कुमार ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों से जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना, विकसित भारत संकल्प यात्रा, राजस्व प्रकरणों एवं मुख्य विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाने और नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना में 74 बसाहटों में रहने वाले 1200 परिवारों के लगभग 4 हजार से अधिक लोगों को विभिन्न योजनाओं के तहत पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर ने योजनांतर्गत जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह की सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए जिले के चिन्हांकित सभी पीव्हीटीजी समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड में कार्य करने की बात की। साथ ही सर्वे के पश्चात प्राप्त आंकड़े के आधार पर चिन्हांकित लोगों को लाभान्वित करने हेतु पूरी तत्परता से कार्य करने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने योजना के मॉनिटरिंग हेतु जिला एवं ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी बनाने तथा कमेटी गठित करने की बात कही। साथ ही योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने तथा सर्वे का प्रारूप बनाने के लिए भी कहा। बैठक में कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विकासखंड वार ग्राम पंचायतों में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र शासन की महत्वपूर्ण योजना है। सभी अधिकारी इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए विशेष तौर पर कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से जनसामान्य को केन्द्र शासन की योजना से अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए कहा। कलेक्टर सौरभ कुमार ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण के अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए विवादित-अविवादित नामांतरण, सीमांकन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण में समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने एवं लंबित प्रकरणों को यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री का अधिवक्ता संघ ने किया सम्मान

अधिवक्ताओं की हर समस्याओं का समाधान करने का होगा प्रयास: लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

फीता काटते कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन एवं अधिवक्तागण।

जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के तत्वावधान में बुधवार को जिला न्यायालय परिसर कोरबा में केबिनेट मंत्री एवं शहर विधायक लखनलाल देवांगन का जोरदार स्वागत किया गया। जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के कार्यालय के उद्घाटन एवं केबिनेट मंत्री के सम्मान समारोह का आयोजन जिला न्यायालय परिसर कोरबा में किया गया था। सम्मान एवं स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद लखनलाल देवांगन ने प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में विजय दिलाने के लिए सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष संजय जायसवाल, सचिव नूतनसिंह ठाकुर, अशोक तिवारी, बीके शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष गोपी कौशिक, भाजपा नेता प्रफुल्ल तिवारी एवं नरेंद्र पाटनवार मौजूद रहे। सचिव नूतनसिंह ठाकुर ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की ओर मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया जिस पर श्री देवांगन ने उक्त मांग को भाजपा के घोषणा पत्र में होने की जानकारी देते हुए इसे विधानसभा में शीघ्र पेश करने का भरोसा दिया। कोरबा में जिला न्यायालय की स्थापना के दशकों बाद जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के कार्यालय का शुभारंभ लखनलाल देवांगन ने किया इस अवसर पर अधिवक्ताओं की समस्याओं को दूर करने में हरसंभव प्रयास का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पार्षद अब्दुल रहमान, पार्षद धनश्री साहु, वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज राठौर, डी के अग्रवाल, महेंद्र चंदेल, सुरेश सिंह,अखिलेश पांडे, राजेन्द्र पांडे, संतू साहु, राजेन्द्र साहु, दीपक दुबे, राजकुमार अज्ञेय, मंगल देवांगन, मधु पांडे, सरिता पांडे, सहित अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी उपाध्यक्ष सुरेश शर्मा, महिला उपाध्यक्ष उत्तरा राठौर, कोषाध्यक्ष अमरनाथ कौशिक, सहसचिव के बी शांडिल्य, रवि भगत, कमलेश श्रीवास, क्रांति श्रीवास, सावित्री धांधी, विनोद साहु, जनक देवांगन, पोहर पांडे, सुरेश पटेल, रघुनंदन सिंह, गणेश कुलदीप, कल्पना पांडे, राजेश्वरी राठौर, मीनू त्रिवेदी , शबीना खातून, शबनम खान सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

टाइगर्स क्लब बालको द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का किया गया आयोजन

कोरबा। बालको टाइगर्स टीम के द्वारा रामलीला मैदान बालको नगर में क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2 आयोजित किया जा रहा है। जिसमें खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल को आमंत्रित किया गया। बालको टाइगर्स टीम की कमेटी से मैथ्यू, सुधीर, यहोसू, उमेश, अजय, यशवंत, कान्हा, आकाश, मेहता, प्रतीक आदि सदस्यों ने मुख्य अतिथि को खिलाड़ियों से मिलवाया जहां उन्होंने सभी को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। क्लब के द्वारा प्रतिवर्ष क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। जिसमें कोरबा जिले के विभिन्न क्षेत्रों की क्रिकेट टीमें भाग ले रही हैं। इस वर्ष आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट दो पालियों में खेला जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने क्लब के आयोजकों को आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर में इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन क्लब के द्वारा अपने स्तर पर किया जा रहा है। ऐसी प्रतियोगिताओं से नगर एवं अन्य क्षेत्र की प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर मिलता है।

खबर संक्षेप

अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई

सारंगढ़। एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन ने अवैध खनिज रेत और गिट्टी परिवहन कर रहे 2 हाइवा और 2 ट्रेक्टर को जप्त कर सारंगढ़ थाना को सुपुर्द किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कानून अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

अवैध खनन में संलग्न खुदाई मशीन जब्त

सारंगढ़। खनिज अधिकारी एच डी भारद्वाज ने पुलिस, राजस्व और खनिज विभाग के संयुक्त दल के साथ कटंगपाली क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। दल ने कटंगपाली में मिट्टी के अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर एक जेसीबी को स्थल पर ही जब्ती की कार्यवाही की गई।

देशभक्ति की कहानी निःशुल्क दे रही विद्या भारती

रायगढ़। विद्या भारती सरस्वती शिक्षा संस्थान द्वारा 318 साल पहले गुरू गोविन्द सिंह के पुत्रों के बलिदान की कहानी छोटे साहिबजादे ईबुक के रूप में निशुल्क दी जा रही है। सरस्वती शिक्षा संस्थान के प्रचार प्रमुख संस्कार श्रीवास्तव ने बताया कि इसके लिए इच्छुक नागरिक 9893598836 पर व्हाट्सएप कर सकते हैं। सशिसं ने इस प्रेरणास्पद गाथा को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का निवेदन किया है जिससे कि आज की पीढ़ी को मुगलकालीन भारतीय इतिहास के संबंध में त्याग बलिदान देशभक्ति की जानकारी उपलब्ध कराई जा सके।

संयुक्त शिक्षक संघ की पूर्व विधायक से भेंट

रायगढ़। संयुक्त शिक्षक संघ के उपप्रांताध्यक्ष गिरजा शंकर शुक्ला व जिला अध्यक्ष राजकमल पटेल के नेतृत्व में सभी ब्लॉक अध्यक्षों एमडी महंत, अजय पटनायक, दीनबंधु जायसवाल व सौरभ पटेल, शैलेंद्र मिश्रा, दुरेंद्र नायक, अवधूत चौहान, रामानंद चौहान, नेहरू निषाद, रविंद्र पटेल, कार्तिक चौहान, बाबूलाल भार्गव व संयुक्त शिक्षक संघ के पदाधिकारी गण पूर्व विधायक विजय अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात कर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर बधाई दिए एवं अपनी मांगों को रखा जिसमें पूर्व विधायक अग्रवाल जी ने शासन स्तर से हर संभव काम शिक्षक हित में कराने का आश्वासन दिए।

कामधेनु के चैनल पार्टनर्स मीट का आयोजन

रायगढ़। अपने चैनल पार्टनर्स की सफलता का जश्न मनाने और उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए उन्हें सम्मानित करने के लिए खुदरा क्षेत्र में ब्रांडेड टीएमटी बार्स के भारत के सबसे बड़े निर्माता और विक्रेता कामधेनु लिमिटेड ने अपने रायगढ़ और ओडिशा के आस पास डीलरों के लिए एक डीलर मीट का आयोजन किया। इस क्षेत्र के डीलरों को विभिन्न श्रेणियों में विभिन्न पुरस्कारों और प्रशंसापत्रों से सम्मानित किया गया। कामधेनु लिमिटेड ने इस चैनल पार्टनर्स मीट के दौरान अपनी बिक्री को दोगुना करने का एक साहसिक दृष्टिकोण व्यक्त किया। कंपनी ने महत्वपूर्ण व्यापार वृद्धि के लक्ष्य के साथ एक रणनीतिक दिशा को उजागर करते हुए इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

निधन

श्रीमती किरण मोदी

रायगढ। शहर की प्रतिष्ठित फर्म फेशन पार्क के संचालक अरूण कुमार मोहनलाल मोदी की धर्मपत्नी किरण मोदी का 26 दिसंबर को मुंबई में इलाज के दौरान निधन हो गया। 66 वर्षीय श्रीमती मोदी की अंतिम यात्रा 28 दिसंबर को उनके गद्दी चौक स्थित निवास से निकालकर कयाघाट मुक्तिधाम ले जाई गई। जहां दिवंगत का अंतिम संस्कार किया गया।

प्रेस क्लब रायगढ़ ने किया साय और ओपी का अभिनंदन

सीएम विष्णुदेव ने लिया बालयोगी और गुरु प्रियदर्शीराम का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

27 दिसंबर को दो दिवसीय रायगढ प्रवास पर पहुंचे प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय का रायगढ प्रेस क्लब ने नगर विधायक ओपी चौधरी के साथ आत्मीय अभिनंदन किया। इसके बाद बुधवार देर रात मुख्यमंत्री कोसमनारा स्थित बाबाधाम पहुंचे और बालयोगी बाबा सत्यनारायण का आर्शीवाद लिया। वहीं रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन गुरुवार को सीएम साय बनोरा स्थित अघोर गुरुपीठ पहुंचे और बाबा प्रियदर्शी राम का चरणवंदन किया। इसके बाद सीएम अपने गृह जिले जशपुर के लिए रवाना हो गए।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नियुक्त होने के बाद विष्णुदेव साय पहली बार 27 दिसंबर को रायगढ पहुंचे थे। जहां नगर विधायक ओपी चौधरी के साथ उनका रोड शो आयोजित हुआ। इसके बाद सीएम का जनसंबोधन भी गांधी प्रतिमा के समीप आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री बुधवार देरशाम शहर के नवनिर्मित अग्रोहाधाम के लोकापर्ण में शामिल हुए। जहां मुख्यमंत्री ने अग्र समाज की मांग पर अस्पताल और कालेज निर्माण के लिए शासन से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

बाबा सत्यनारायण का लिया आशीष

रायगढ में अपने जनसंबोधन के आरंभ में कोसमनारा की तपोस्थली बाबा सत्यनारायण के जयकारे लगाते मुख्यमंत्री बुधवार रात बालयोगी के दर्शन करने कोसमनारा जा पहुंचे। यहां प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में मुख्यमंत्री ने बाबा सत्यनाराण का आर्शीवाद लिया और नए दायित्व के कुशल निर्वहन की प्रार्थना की।

अघोर आश्रम में गुरुदेव और सत्यनारायण धाम में बाबाजी का आर्शीवाद लेते सीएम विष्णुदेव।

अघोर गुरुपीठ पहुंचे मुख्यमंत्री

गुरुवार सुबह करीब 5 बजे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बनोरा स्थित अघोर गुरुपीठ आश्रम पहुंचे और पूज्य अघोरेश्वर के प्रतिमा के सामने माथा टेका उसके बाद पूज्य पाद बाबा प्रियदर्शी राम का आशीर्वाद ग्रहण किया। प्रदेश की सुख शांति समृद्धि का आशीर्वाद मांगते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा के स्थापित उद्देश्य राष्ट्रहित को सर्वोपरि समझना, मानव मात्र को भाई समझना, नारी के लिए मातृ भाव रखना, बालक बालिकाओं के बहुमुखी विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाना, असहाय एवं उपेक्षित लोगों की सहायता करना तथा उनके प्रति समाज में मर्यादित भाव जागृत करनाएमानव धर्म की मूल भावनाओं के विचार विनिमय के लिए समान मंच प्रदान करनाए। रूढ़िवादिता अंधविश्वास नशा खोरी तिलक दहेज जैसी सामाजिक बुराई के संपूर्ण उन्मूलन हेतु सफल प्रयास करना आदि उद्देश्यों को आज के दौर की राजनीति के लिए भी प्रासंगिक बताते हुए कहा प्रदेश के बहुमुखी विकास के लिए बाबा प्रियदर्शी राम का मार्गदर्शन सदैव मिलता रहेगा।

रायगढ़ और जशपुर का होगा सर्वाधिक विकास : साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नगर विधायक ओपी चौधरी के सम्मान में रायगढ प्रेस क्लब का अभिनंदन समारोह बुधवार शाम एक तीन सितारा होटल में आयोजित किया गया था। जहां प्रेस क्लब के सरंक्षक उदयराम थवाईत व क्लब के अध्यक्ष हेमंत थवाईत के अलावा प्रेस क्लब के तमाम पत्रकारों ने मुख्यमंत्री और केबिनेट मंत्री का स्मृति चिन्ह, शॉल व पुष्प गुच्छ से आत्मीय अभिनंदन किया। इस दौरान अपने संबोधन में सीएम साय ने स्पष्ट कहा कि सरकार पूरे प्रदेश में समानातर विकास का कार्य करेगी लेकिन रायगढ और जशपुर का मामला अलग रहेगा। उन्होंने मंच से नगर विधायक व केबिनेट मंत्री ओपी चौधरी को न केवल रायगढ बल्कि जशपुर जिले के भी विकास कार्यो की प्राथमिकता तय करने की जिम्मेदारी सौंपी और मोदी की गारंटी में शामिल सभी वादे भ्रष्टाचार मुक्त शासन के साथ पांच साल के कार्यकाल में पूरा करने का विश्वास दिलाया। इसी कडी में ओपी चौधरी ने भी रायगढ के मतदाताओं का भरोसा और उम्मीद कायम रखने का विश्वास दिलाते हुए महज दो साल के भीतर रायगढ में बदलाव होने का दावा किया। इस सम्मान समारोह में सरायपाली विधायक संपत अग्रवाल, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रखर वक्ता मुकेश जैन ने किया।

प्लेसमेंट कर्मचारियों को मिलेगा बढ़ा वेतन, एमआईसी में निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर निगम के अंतर्गत कार्य प्लेसमेंट कर्मचारियों को अब बढ़ा हुआ वेतन मिलेगा। एमआईसी की बैठक में शासन के आदेश की पुष्टि की गई। महापौर श्रीमती जानकी काटजू की अध्यक्षता में दोपहर 3 से एमआईसी की बैठक शुरू हुई। सबसे पहले राष्ट्रीय परिवार सहायता एजेंडा पर चर्चा की गई। 10 पात्र के हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने स्वीकृति दी गई। इसी तरह इंदिरा गांधी वृद्धा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी विधवा पेंशन, सुखाद सहारा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, कुल 29 प्रकरणों की स्वीकृति दी गई। इसके बाद आंगनवाड़ी सहायिका के पद एवं आंगनवाड़ी के नियमों के संशोधन की शासन के पत्र अनुसार स्वीकृति दी गई। इसी तरह कुशल, अर्ध कुशल एवं अकुशल कर्मचारी के बढ़े हुए वेतन स्वीकृति दी गई। अब अकुशल को 10360 रुपए अर्धकुशल को 11010 रुपए एवं कुशल को 11790 रुपए वेतन मिलेगा। बैठक में एमआईसी सदस्यों के एजेंडा से संबंधित किए गए प्रश्नों के उत्तर कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने दिया। बैठक में एमआईसी सदस्य विकास ठेठवार, रमेश भगत, राकेश तालुकदार, शेख सलीम नियारिया, रत्थू जायसवाल, संजय चौहान, श्रीमती लक्ष्मीन मिरी सहित सभी विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

संभाग आयुक्त का धान खरीदी केन्द्रों में निरीक्षण

सारंगढ़। बिलासपुर संभाग आयुक्त राजस्व केडी कुंजाम गुरुवार को जिले के दौरे में थे। आयुक्त श्री कुंजाम ने सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम गुडेली के धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किए। वहां कुंजाम ने किसानों और प्रबंधक से धान खरीदी व्यवस्था के संबंध में जानकारी लिया और खाद्य अधिकारी को आवश्यक बारदाना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार श्री कुंजाम ने बिलाईगढ़ विकासखंड के सरसीवां धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किए।

खुडखुडिया में जुआ खेल रहे दो गिरफ्तार, 10 हजार जब्त

रायगढ़। जिले के घरघोड़ा, लैलूंगा, तमनार क्षेत्र में लगने वाले स्थानीय मेले में बाहरी व्यक्तियों द्वारा खुडखुडिया नामक जुआ खिलाने की सूचनाएं मीडिया के माध्यम प्राप्त हो रही थी जिसे लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा एवं अनुविभाग के थाना प्रभारियों को खुडखुड़िया जुआ पर प्रभावी कार्रवाई का निर्देश दिया गया था निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चन्द्रा द्वारा मुखबिरों को एक्टिव कर सूचनाएं देने लगाया गया था।

इसी क्रम में कल रात्रि मुखबिर द्वारा कंचनपुर मेला में बाहरी व्यक्तियों के द्वारा खुडखुडिया

खिलाने के संबंध में सूचना दिया गया। थाना प्रभारी द्वारा कार्रवाई के लिये टीम तैयार कर बीते रात्रि करीब 01.00 बजे गस्त टीम के साथ मेले में घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गयाए जहां पेट्रोमैक्स गैस की रोशनी से कुछ जुआडियान खुडखुडिया खेलते दिखे। पुलिस टीम की घेराबंदी देख कुछ जुआ खेलने वाले भाग गए दो जुआडियान को पकड़ा गयाए मौके पर पकडे गये आरोपियान कांसीराम राठिया पिता अमल सिंह उम्र 22 वर्ष साण झरना थाना तमनार दीपक निराला पिता छतर सिंह निराला उम्र 28 वर्ष साण गिधा थाना खरसिया जिला रायगढ़ के कब्जे से खुडखुड़ियि सामग्री के साथ जुआ में लगी 'नकदी रकम 10,740 की जप्ती कर आरोपियों को थाना लाया गया जिन पर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई किया गया है। जुआ रेड कार्रवाई में टीआई शरद चन्द्रा] एसआई करमूसाय] हेड कांस्टेबल अवध बिहार और कांस्टेबल देवनंदन राठिया शामिल थे।

पुसौर में श्रीश्वरी देवी का प्रवचन आज से

पुसौर। पुसौर के नगर पंचायत कार्यालय परिसर में जगत गुरू कृपालु महाराज की परम शिष्या सुश्री श्रीश्वरी देवी का दार्शनिक प्रवचन एवं सुमधुर कीर्तन का आयोजन आज से आरंभ हो रहा है। दो दिन पूर्व कथावाचक एवं उनकी मंडली का पुसौर आगमन हुआ जिनका भव्य स्वागत नगर अध्यक्ष रितेश थवाईत, पूर्व उपाध्यक्ष संतोष गुप्ता, भाजपा मण्डल महामंत्री सुरेन्द्र जेना, पूर्व पार्षद बैंकुण्ठ गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलीप पाण्डेय, अपेक्स बैंक प्रबंधक केके परेता सहित अन्य गणमान्य लोगों के अगुवाई में हुआ जहां नगर के सैकडों महिला पुरूष श्रद्धालु जन मौजुद रहे। पुष्प गुच्छ, माला एवं बाजा गाजा लेकर बस स्टैण्ड पहुंचे और स्वागत कर कीर्तन करते हुए काफिला थवाईत के निवास पहुंचा।

जंगल में मिले शव की जांच पूरी हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

रायगढ़। थाना लैलूंगा क्षेत्र अंतर्गत 22 दिसंबर को ग्राम नवीन कुंजरा के जंगल में बांध किनारे एक अज्ञात युवक 25-30 साल का शव नग्न अवस्था में पड़ा मिला था।

लैलूंगा पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मृतक के वारिसानों की पतासाजी में जुटी हुई थी कि उसी दिन मृतक के हुलिए के अनुरूप गुम इंसान विनय कुमार निषाद पिता शिवकुमार निषाद उम्र 25 साल निवासी मोहतराना थाना सरसींवा के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज करने उसी के गांव का खगेश साहू उसके फूफा के लड़के रिस्ते के भाई निलेश साहू के साथ थाने पहुंचा था। थाना प्रभारी लैलूंगा ने एक अज्ञात युवक का शव नवीन कुंवारा जंगल में मिलने की जानकारी खगेश को दिया। तब खगेश साहू जाकर शव को देखा और शव की शिनाख्त उसके साथ रहकर कमांडर जीप चलाने वाला विनय निषाद के रूप में किया। रिपोर्टकर्ता खगेश साहू ने बताया कि वह घर ढलाई करने वाली मिक्सर मशीन रखा है। लैलूंगा, घरघोड़ा क्षेत्र में छत ढलाई का काम ठेका पर लेकर करता है। वर्तमान में ग्राम कुंजारा में किराया मकान लेकर पत्नी सावित्रीए पत्नी के मामा का लड़का नितेश साहू और जीप कमांडर चलने वाला विनय निषाद साथ रहते थे। 18 दिसंबर को लैलूंगा में मकान ढलाई के बाद घर आये दूसरे दिन 19 दिसबंर की सुबह विनय बिना बताए कहीं चला गया और वापस नहीं आया है जिसे खोजबिन किए पता नहीं चला। कुंजारा जंगल में एक व्यक्ति का शव देखे जो विनय का है। लैलूंगा पुलिस द्वारा मर्ग जांच और खगेश के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या का अपराध

- थाना लैलूंगा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवीन कुंजरा के जंगल में वारदात को दिया गया था अंजाम

दर्ज कर विवेचना में लिया गया। घटना के संबंध में रिपोर्टकर्ता खगेश साहू और नीलेश से विस्तृत पूछताछ किया गया जो घटना से इंकार कर विनय को 19 दिसंबर के सुबह बिना बताए घर से कहीं चले जाने की बात पर अडिग थे। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर आगे बढ़ रही थी कि पुलिस टीम द्वारा खगेश और नीलेश की 18 और 19 दिसंबर के गतिविधियों को चेक किया गया और उनके संपर्क में आए लोगों से पूछताछ कर तस्दीक किए। इसी दरम्यान एक गवाह ने बताया कि 18-19 दिसंबर की रात खगेश साहू बार.बार कॉल कर उन्हें कुंजरा, लैलूंगा बुला रहा था पर वे नहीं गए। इस संबंध में खगेश और निलेश से पूछताछ किया गया कि किन कारणों से वे उन्हें देर रात कुंजारा बुला रहा था तो निलेश और खगेश दोनों के बयान अलग अलग थे। दोनों से हिकमत अमली से पूछताछ करने पर खगेश ने अपने पत्नी सावित्री साहू और नितेश साहू के साथ मिलकर विनय की तकिया से नाकए मुंह दबाकर हत्या करने की वारदात को कबूल कर घटना का वृतांत बताया कि 18 दिसंबर को जूनाडीह लैलूंगा में मकान ढलाई का काम करने के बाद शाम करीब 7-8 बजे किराए मकान कुंजरा में आए और विनयए खगेश और निलेश तीनों एक साथ खाना पीना किए। इनके किराए के मकान में दो घाट है एक खाट में तीनों युवक सोए थे बगल की खाट में खगेश की पत्नी सावित्री साहू सोई थीए रात्रि में विनय, सावित्री के साथ गलत हरकत करने लगा जिसका विरोध करने पर विवाद हुआ और खगेश ने विनय का मुंह से दबाया जिसके बाद निलेश और उसकी पत्नी सावित्री ने विनय निषाद के नाक मुंह को तकिए से दबाकर उसकी हत्या कर दिए। देर रात लाश को नीलेश और खगेश ने निलेश के मोटरसाइकिल के बीच में विनय के शव को रखकर ऐसे रास्ते का उपयोग किया जहां सीसीटीवी के नजर में ना आए और देर रात शव जंगल बांध के किनारे ले गए।

तमनार में दिखा विकसित भारत संकल्प यात्रा का उत्साह

तमनार। तमनार में 27 दिसंबर को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्रामीणों में खासा उत्साह नजर आया। संकल्प यात्रा टीम को गाजे बाजे के साथ आरती उतारकर पूजा अर्चना कर स्वागत किया गया। केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ का विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जानकारी के साथ लाभ लेने प्रेरित किया गया। जागरूकता रथ में प्रोजेक्टर में माध्यम से योजनाओ की जानकारी दी जा रही है। विभिन्न योजनाओ के हितग्राहियो ने उनके सफलता पर मेरी कहानी मेरी जुबानी बताने पर

ग्रामीणजन भी उत्साहित हो रहे हैं। बेटियो द्वारा मनमोहक गीत, सांस्कृतिक कार्यकम प्रस्तुति से अतिथिगण ग्रामीण गदगद हुए। विधायक सुनीति राठिया ने कहा कि विकसित भारत सांकल्प यात्रा में केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ का समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने के उद्देश्य से लाभ लेने लाभार्थीयो को प्रेरित की जा रही है। पूर्व विधायक सुनीति राठिया, ग्राम प्रमुख अश्वनी पटनायक, सरपंच गुलापी सिदार, बीडीसी ममता साव, बीडीसी गायत्री बेहरा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विनायक पटनायक, रामचरण कुम्भकार, गीतांजलि पटनायक, गीता बारीक़, श्यामा उरांव, पुष्पा श्रीवास, नांथु उरांव, रूपचन्द गुप्ता, विनय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों वरिष्ठ नागरिक सैकड़ो ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

प्रभावित ग्रामीणों का एसईसीएल प्रबंधन पर फूटा आक्रोश

रायगढ़। गुरुवार को ग्राम बरौद के भूमिहीन एवं अन्य बेरोजगारों तथा पंचायत पदाधिकारियों एवं जनपद पंचायत सदस्य द्वारा एसईसीएल उपक्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय का किया घेराव प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन एसईसीएल के आऊटसोर्सिंग कम्पनी में मिलना चाहिए रोजगार कि प्रथम प्राथमिकता मांगें पुरी नहीं होने पर करेंगे आन्दोलन प्राप्त जानकारी अनुसार आऊटसोर्सिंग कम्पनी द्वारा आस पास के लोगों को रोजगार दे रहीं है और ग्रामीणों को आज आना कल आना बोलकर घुमाया जा रहा हैं जब तक ग्राम बरौद के विस्थापित भूमिहीन व अन्य बेरोजगार 60 व्यक्तियों की सूची प्रबंधन प्रशासन को दिया जा चुका है तथा आवश्यक दस्तावेज केएलपी आऊटसोर्सिंग कम्पनी के पास जमा है हमारे बरौद के बेरोजगारों को रोजगार पूर्ण हो जाने के बाद अन्य गांव के व्यक्तियों को रोजगार दिया जावे नहीं तो करेंगे उग्र आन्दोलन आक्रोश ग्रामीणों ने एक शुर में कहां विस्थापित हमें होना है धुलदस्ट हम खा रहें हैं घर हमारी टुट रहीं हैं मूलभूत सुविधाएं हमारी छाती हो रहीं हैं आऊटसोर्सिंग कम्पनी में पहले ग्रामीणों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

- नारेबाजी के साथ सौंपा ज्ञापन

बडेहरदी और सोडेकेला में संकल्प शिविर

पुसौर। पुसौर जनपद के ग्राम पंचायत बडेहरदी एवं सोडेकेला में सम्पन्न हुआ। 11 बजे से 2 बजे बडेहरदी में आयोजित कार्यक्रम में यहां के सरपंच शुद्धासु शेखर साहू एवं सचिव संतराम साहू सहित समूचे पंचायत पदाधिकारियों की व्यवस्था में हुआ। उक्त शिविर में जैसे ही संकल्प रथ पहुंचा तो उसका स्वागत दीप, कलश और आम के तोरण से किया गया और शिविर की गतिविधियां प्रारंभ हुई। इसके पश्चात 2 बजे से 5 बजे तक पडोस के ग्राम सोडेकेला में पुनः शिविर आयोजित हुई। उक्त शिविर में यहां के सचिव मिथिलेस साहू, सचिव शिशुपाल गुप्ता, दो पूर्व सरपंच, गणमान्य नागरिक एवं धरती कहे पुकार के की टीम ने कार्यक्रम को गति देने में महत्वपुर्ण भूमिका निभाई।